inextlive

# नकली मावा, विभाग का धावा

By: Inextlive | Updated Date: Wed, 04 Mar 2020 05:30:08 (IST)



होली से पहले फूड विभाग की बड़ी कार्रवाई

2 लाख रुपये से अधिक का खराब मावा लाला की बाजार से पकड़ा

10 क्विंटल मावा विभाग ने छापेमारी में पकड़ा

13 जगहों से 14 अलग-अलग चीजों के भरे सैंपल

99 हजार 480 रूपये का तेल और दूध भी किया जब्त

246 किलो स्किम्ड मिल्क और 108 किलो एडिबिल ऑयल शामिल हैं

Meerut। होली से पहले शहर में मिलावटखोर सक्रिय हैं। खराब मावे से बाजार पट चुका है। मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 क्विंटल मावा जब्त किया। बाजार में सप्लाई होने से पहले ही विभाग की टीम ने करीब 2 लाख 43 हजार 200 रूपये के मावे को नष्ट करा दिया। इसके अलावा टीम ने अलग-अलग जगह छापेमारी करते हुए 13 जगहों से 14 अलग-अलग चीजों के सैंपल कलेक्ट किए हैं। दीपक स्पेलर के यहां 195 किलो सरसों का तेल सीज किया गया।

तेल और दूध जब्त

फूड सेफ्टी विभाग की डीओ अभिहित अधिकारी अर्चना धीरान ने बताया कि खराब मावे की सप्लाई की शिकायत पर टीम दोपहर में लाला के बाजार पहुंची थी। इस दौरान मौके पर दो रेहडि़यों में भरकर मावा ले जाया जा रहा था। टीम के आने की खबर सुनकर एक चालक रेहड़ी छोड़कर भाग गया लेकिन दूसरे चालक को टीम के साथ मौजूद टीम ने पकड़ लिया। पहली नजर में मावा खराब क्वालिटी का दिखाई दिया। चेक करने पर उसमें से बदबू उठती मिली साथ ही अनहाइजैनिक तरीके से उसे गंदी बोरियों मे लपेटा हुआ था। जिसके बाद टीम ने मावे को जब्त कर लिया और नष्ट करवा दिया गया। इसके अलावा टीम ने 99 हजार 480 रूपये का तेल और स्किम्ड मिल्क भी जब्त किया है। इसमें 246 किलो स्किम्ड मिल्क और 108 किलो एडिबिल ऑयल शामिल हैं। इसके अलावा टीम ने बेसन, बर्फी के सैंपल भी जब्त किए हैं। मावे का नमूना प्रहलाद सिंह से , रिफांइड पाम करनेल ऑयल, स्किम्ड मिल्क पाउडर, रिफाइंड राइस ब्रास ऑयल मैसर्स मंगल सैन जय कुमार के यहां ये लिया गया है। जबकि बर्फी गोल्डी स्वीट शॉप, खोया अम्बा स्वीट शॉप, बेसन-माही डेयरी व किराना स्टोर से लिए गए हैं।

ऐसे करे पहचान

रबड़ी, पनीर,छेना और इससे बनी मिठाइयां व दूध में टिंक्चर आयोडीन की कुछ बूंदे डालें, काला, नीला या बैंगनी हुआ तो मिलावटी है।

मावे में अंगुली पर रगड़े, असली होगा तो चिपकेगा नहीं।

मावे को अंगूठे के नाखून पर रगड़ें। यदि असली है तो घी की महक आएगी

हथेली पर मावे की गोली बनाएं। अगर फट जाए तो मावा नकली है।

एडिबिल ऑयल- हाइड्रोक्लोरिक अम्ल को मिलाकर हिलाएं। पांच मिनट बाद लाल रंग दिखे तो मिलावट है।

बेसन, सूजी और मैदा- हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिलाने पर लाल या गुलाबी रंग आता है।

यहां करें शिकायत

उपभोक्ता मिलावट होने पर एफएसडीए की हेल्पलाइन नंबर 1800-180 5533 पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति नमूनों की जांच कराना चाहता है तो सीधे विभाग में शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अलावा 9411471076 नंबर पर कॉल करके भी सूचना दी जा सकती है।

ये होती है मिलावट

दूध से क्रीम निकालकर सिंथेटिक दूध बनाया जाता है। उसके बाद इसमें यूरिया, डिटरजेंट, रिफाइंड और वनस्पति घी की मिलावट की जाती है। मावे को कई दिन तक ताजा रखने के लिए इसमें शक्कर मिला देते हैं।

इलास्टो प्वान- दूध में नीचे जमी चिकनाहट को ऊपर लाने में किया जाता है। इसको खाने से कैंसर हो सकता है।

माल्टो डेक्सट्रिन- मिठास बढ़ाने में इस्तेमाल किया जाता है। ये आंतों को नुकसान पहुंचाता है।

आलू व मैदा- आलू और मैदा मावे का वजन बढ़ा देते हैं।

शकरकंदी व सिंघाड़े का आटा- अधिक मुनाफा कमाने के लिए इन्हें मिलाकर मावे का वजन बढ़ाया जाता है।

कैंसर का भी खतरा

वरिष्ठ फिजिशयन डॉ। तनुराज सिरोही के मुताबिक मिलावटी मिठाइयों व खाने से तमाम बीमारियां पैदा होती हैं। कैंसर, लीवर और किडनी में खराबी के साथ ही स्किन रोग भी हो सकते हैं।

Source: https://www.inextlive.com/big-action-of-food-department-before-holi-234911